# केस स्टडी-17/2025

टी.आर.ओ. विभाग, नागपुर मंडल


जारी तिथि : 03.05.2025

लोको फेल्यॉर

**घटनाक्रम:** दिनांक 02.05.25 को नागपुर मंडल में ट्रेन नं.: GDYA, लोको क्र. 31417/AQ/WAG-9 (IB Due: 27.03.25), लोड: 60=60- 5217 T, सेक्शन: बुटीबोरी-गुमगांव (BTBR-GMG) I बुटीबोरी स्टेशन से गाड़ी स्टार्ट करने के पर गाड़ी की गति 18 Kmph से अधिक नहीं बढ़ी और गाड़ी में लगातार व्हील स्लिप आने के कारण TE कम होकर कि.मी 814/08 पर गाड़ी स्टाल हो गई {मौसम- साफ़, ग्रेडीयेन्ट- 1:150 (808/22 से 818/02- 9.3 Kmph), कर्व - 1 डिग्री} लोको पायलट के कथनानुसार TE 300 KN से आगे नहीं बढ़ रहा था। गाड़ी को बुटीबोरी मेन लाइन पर बैक किया गया, परिणामतः सेक्शन 69 मिनट ब्लॉक रहा। लोड को LP व TM द्वारा संयुक्त रूप से चेक करने पर सामान्य पाया गया। लोको को अजनी होम शेड भेजा गया, शेड में संयुक्त रूप से निरिक्षण करने पर पाया गया कि ZTEL स्विच आंतरिक रूप (internally) से संचालित हो गया था, जिसकी वजह से TE 300 KN पर प्रतिबंधित हो गया था।

इसके अलावा भी निम्न तिथियों में मंडल में ZTEL स्विच संबंधित घटनाएं घटित हुई है :

| Date | Loco No | Train No | Load | Section | Sec. Block |
|---|---|---|---|---|---|
| 02.03.25 | 33577/NKJ | MFSG | 60=60=4930 T | AJNI-KRI | 75 Minute |
| 20.03.25 | 43801/BJU | RPLW | 59=59=5243 T | KLBA-TNH | 107 Minute |




**संभावित कारण :**

- ZTEL स्विच का आंतरिक रूप (internally) से संचालित (Operate) हो जाना।
- कर्मीदल द्वारा TE 300 KN से नहीं बढ़ने पर भी ट्रबल पहचानने में विफल होना।
- कर्मीदल द्वारा DDS मेसेज पढ़ने में भी विफल होना।

**उपरोक्त घटना से सबक:-** यह स्विच सामान्यतः ऑफ स्थिति में रहता हैं, इसे ऑन करने पर ट्रेक्टिव एफर्ट लिमिट होकर 2/3 (300KN) हो जाता है।

- ✓ गाड़ी का चार्ज लेते समय ZTEL स्विच का ऑफ होना सुनिश्चित कर लें।
- ✓ यदि WAG-9/WAP-7 में ट्रेक्टिव एफर्ट (TE) 300 KN से अधिक व WAP-5 में 150 KN से अधिक नहीं बढ़ता है, तो कर्मीदल को 'A' पैनल पर लगे ZTEL स्विच की जांच करनी चाहिए।
- ✓ यदि ट्रेक्टिव एफर्ट 300 KN से अधिक नहीं बढ़ने पर DDS मेसेज की भी जांच करें।

**नोट : WAG-12 लोको में ZTEL की 3 पोजीशन होती है: Nor, 300 KN व 529 KN**







(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।